नव भारत
राष्ट्रहित सर्वोपरि 1934 से



5 यूएई पर 1475 ड्रोन और 270 मिसाइल हमले



6 सावित्रीबाई सामाजिक परिवर्तन की ज्योति



7 50 साल बाद अमेरिका में नई रिफाइनरी



08 टी20 रैंकिंग में अभिषेक-ईशान का दबदबा

# अविश्वास प्रस्ताव खारिज

## जब बोलने का मौका आता है तो नेता विपक्ष विदेश चले जाते हैं : शाह

**नई दिल्ली, 11 मार्च. संसद का बजट सत्र के दूसरे चरण में भी हंगामा जारी है. बुधवार को लोकसभा में स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ विपक्ष द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर होने वाली चर्चा के दौरान जबरदस्त हंगामा जारी रहा. इस बीच अविश्वास प्रस्ताव खारिज किया गया.**

लोकसभा के नेता विपक्ष राहुल गांधी पर हमला करते हुए अमित शाह ने कहा, उन्हें अचानक एक आइडिया आया. अपनी ही प्रेस कॉन्फ्रेंस पर बहस करो. यह कोई मार्केट नहीं है. यह लोकसभा है. आपके परदादा से लेकर आपकी दादी और आपके पिता तक, भारत में बड़े नेता हुए हैं. लोकसभा में किसी की प्रेस कॉन्फ्रेंस पर बहस नहीं हुई. अगर उन्हें उम्मीद है कि उनकी प्रेस कॉन्फ्रेंस, जो झूठ पर आधारित थी, पर सदन में बहस होगी, तो ओम बिरला ने सदन का स्टैंडर्ड गिरने न देकर सदन पर अहसान किया.



केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा, नेता विपक्ष को शिकायत है कि उन्हें बोलने नहीं दिया जा रहा है, नेता विपक्ष की आवाज दबाई जा रही है. मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि कौन तय करेगा कि किसे बोलना है? स्पीकर? नहीं, यह आपको तय करना है, लेकिन जब बोलने का मौका आता है, तो आप जर्मनी में, इंग्लैंड में दिखते हैं. फिर वह शिकायत करते हैं. कांग्रेस के सासदों ने 18वीं लोकसभा में 157 घंटे और 55 मिनट तक बात की. एलओपी ने कितना बोला? आपने क्यों नहीं बोला? किस स्पीकर ने आपको रोका? कोई नहीं रोक सकता. लोकसभा को बदनाम करने के लिए गलत जानकारी फैलाई जाती है.

### पार्टी के वरिष्ठ क्यों नहीं सिखाते उन्हें

शाह ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का नाम लिए बिना कहा, अरे भाई यहां नियमों से बोलना पड़ता है, यहां इतने वरिष्ठ सदस्य बैठे हैं, मुझे तो अभी भी नहीं मालूम पड़ता कि शशि थरूर, बालू साहब बैठे हैं, क्यों नहीं सिखाते उन्हें. ये पीएम मोदी से आकर गले लग जाते हैं. आंख मारते हैं. फ्लाइंग किस देते हैं. मुझे तो बोलने में भी शर्म आती है.

### राहुल ने कहा-बोलने पर हमें रोका-टोका जाता है



राहुल गांधी ने लोकसभा में कहा कि हम जब भी बोलने को होते हैं हमे रोका-टोका जाता है. उन्होंने कहा कि यह चर्चा लोकतंत्र और स्पीकर की भूमिका पर है. कई मौकों पर मेरा नाम लिया गया. हर समय हमें बोलने से रोका गया. राहुल गांधी ने कहा- यहां कई बार डेमोक्रेटिक प्रोसेस के बारे में चर्चा हुई. कई बार मेरा नाम लिया गया है. ये हाउस देश के लोगों को दर्शाता है. यह पूरे देश को दर्शाता है. जब हम बोलते हैं हम बोलने से रोका जाता है. उन्होंने कहा कि आखिरी बार बोलते हुए मैंने प्रधानमंत्री की ओर से कॉम्प्रोमाइज का मुद्दा उठाया था. सदन देश का प्रतिनिधित्व करता है. पहली बार विपक्ष के नेता को नहीं बोलने दिया गया. पीएम कॉम्प्रोमाइज्ड हैं.

### शाह के संबोधन की बातें

- कितना बोलना है इसके लिए कुछ नियम बने हैं. 17वीं लोकसभा कांग्रेस को 157 घंटे 55 मिनट का समय दिया गया. जबकि उनके 52 सदस्य थे. कांग्रेस को भाजपा से 6 गुना ज्यादा समय दिया गया. जबकि भाजपा के पास 6 गुना ज्यादा सदस्य थे
- 18वीं लोकसभा में 157 घंटे 55 मिनट कांग्रेस के सदस्य बोले. ( शेष पेज 02 पर )

# आईएएस के फार्म हाउस पर चल रहे जुआ अड्डे पर छापा

**18 जुआरी गिरफ्तार, पांच आरोपी फरार**

**13.67 लाख नकद और दो कारें जब्त**




नव भारत न्यूज

**इंदौर. महू के मानपुर थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह पुलिस ने अवलीपुरा स्थित एक फार्म हाउस पर चल रहे जुआ अड्डे का भंडाफोड़ किया. फार्म हाउस आईएएस अधिकारी वंदना वैद्य और उनके पति अम्बरीश वैद्य के नाम पर बताया जा रहा है. कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 18 जुआरियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया, जबकि पांच आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए.**

मानपुर थाना प्रभारी लोकेंद्र हीहोर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर ग्राम अवलीपुरा स्थित कोठी निवास फार्म हाउस में बड़े पैमाने पर जुआ खेला जा रहा था. सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर पुलिस टीम ने तड़के दबिश दी. मौके पर पहुंचने पर फार्म हाउस का मुख्य गेट बाहर से बंद मिला, जबकि अंदर से लोगों की आवाजें आ रही थीं. इसके बाद पुलिस टीम पीछे के रास्ते से परिसर में दाखिल हुई, जहां बरामदे में रोशनी के बीच कई लोग ताश के पत्तों पर दांव लगाते हुए जुआ खेलते मिले. पुलिस ने तत्काल घेराबंदी कर 18 लोगों को पकड़ लिया. हालांकि कुछ आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले. पकड़े गए आरोपियों के पास से पुलिस ने 13 लाख 67 हजार 971 रुपए नकद, 52 ताश के पत्ते, 10 नई ताश की गड्डियां, 30 मोबाइल फोन और दो कारें जब्त की हैं. जब्त की गई कुल संपत्ति की कीमत करीब 28 लाख 67 हजार 971 रुपए आंकी गई है.

## एक नजर में



### एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमान की हार्ड लैंडिंग

**नई दिल्ली.** एयर इंडिया एक्सप्रेस के एक विमान की थाईलैंड के फुकेट में हार्ड लैंडिंग हुई. हादसे में सभी यात्री बाल-बाल बच गए. एयरलाइन के एक प्रवक्ता ने बताया कि बुधवार को हैदराबाद-फुकेट उड़ान के अगले पहिये में फुकेट हवाई अड्डे पर समस्या आ गई थी. चालक दल के सदस्यों ने सभी मानक प्रक्रियाओं का पालन किया और यात्रियों को विमान से उतार लिया. सूत्रों ने बताया कि उड़ान संख्या आईएक्स938 ने सुबह 6.25 बजे के आसपास हैदराबाद से उड़ान भरी थी और सुबह लगभग 8.55 पर फुकेट में उतरी थी. यह बोइंग का 737-8 विमान था. फुकेट से आ रही तस्वीरों में विमान रनवे पर खड़ा दिख रहा है और उसका अगला पहिया निकला हुआ है.

### क्रिप्टोकरेंसी घोटाले का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली.** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने गेनबिटकॉइन क्रिप्टोकरेंसी धोखाधड़ी मामले में डार्विन लैब्स प्राइवेट लिमिटेड के सह-संस्थापक और सीटीओ मुख्य आरोपी आयुष वार्ष्णेय को गिरफ्तार किया है. सीबीआई के सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ लुक आउट सर्कुलर (एलओसी) जारी किया था. गत नौ मार्च को उसे मुंबई में आव्रजन अधिकारियों ने भारत छोड़ने की कोशिश करते हुए पकड़ा और बाद में सीबीआई को सौंप दिया. उन्होंने बताया कि यह मामला वैरिएबलटेक प्राइवेट लिमिटेड द्वारा शुरू की गई कथित बिटकॉइन पोंजी स्कीम से जुड़ा है.

### बांदीपोरा में आतंकी ठिकाना ध्वस्त

**बांदीपोरा.** सुरक्षा बलों ने उत्तरी कश्मीर के बांदीपोरा जिले में एक आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़ कर दो एके राइफल व गोला-बारूद बरामद किया है. बांदीपोरा पुलिस ने एक्स पर एक पोस्ट में बताया एक सूचना के आधार पर सुरक्षाबलों ने संयुक्त अभियान में अरगाम के चंगाली जंगल में आतंकी ठिकाने से दो एके सीरीज राइफल, चार मैगजीन के साथ गोला-बारूद और अन्य सामग्री बरामद की है. उन्होंने बताया कि कानून की संबंधित धारा के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है. अधिकारियों ने बताया कि सर्च-एंड-डिस्ट्रॉय ऑपरेशन के तहत बरामद हथियारों और ठिकाने को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया. इसके अलावा आसपास के जंगलों में भी तलाशी अभियान चलाया गया.

# गैस सिलेंडर की ढाई दिन में होगी डिलीवरी

**नई दिल्ली, 11 मार्च ( वार्ता ) पश्चिम एशिया संकट से ईंधन की आपूर्ति श्रृंखला पर प्रभावों के बीच सरकार ने घरेलू उपभोक्तओं को रसोई गैस सिलेंडर की बुकिंग में घबराहट न दिखाने की सलाह दी है और कहा है कि बुकिंग के ढाई दिन में सिलेंडर उपलब्ध कराया जाएगा.**

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बुधवार को कहा कि घरेलू एलपीजी के उत्पादन को बढ़ाने के लिए विशेष प्रबंध किए हैं, जिससे पिछले कुछ दिनों में उत्पादन 25 प्रतिशत बढ़ा है. उन्होंने बताया कि रसोई गैस का किसी दूसरे कार्य में इस्तेमाल रोकने के लिए मंत्रालय सिलेंडर डिलीवरी प्रमाणन कोड को सख्ती से लागू कर रहा है. वर्तमान में 90 प्रतिशत उपभोक्ताओं को डिलीवरी प्रमाणन कोड प्रणाली के तहत लाने का प्रयास है.



**गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा**

**सिलेंडर डिलीवरी प्रमाणन कोड सख्ती से लागू**

शर्मा ने पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर सरकार द्वारा किए गए उपायों पर अंतर-मंत्रालय संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भारत एलपीजी के मामले में 60 प्रतिशत आयात पर निर्भर है और आयातित एलपीजी का 90 प्रतिशत हिस्सा ईरान के पास हर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते आता है जो युद्ध से प्रभावित है. इसके मद्देनजर जारी विशेष आदेश में सरकारी रिफाइनरियों को एलपीजी का उत्पादन यथासंभव बढ़ाने के लिए कहा है. उन्होंने कहा कि दिल्ली में एलपीजी सिलेंडर की कीमत 60 रुपये की हाल की वृद्धि के बाद 913 रुपये है.

# जहाजों पर हमले में दो भारतीयों की मौत : विदेश मंत्रालय

**नई दिल्ली, 11 मार्च.** पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के बीच भारत के लिए चिंता बढ़ गई है. विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बुधवार को वार्ता में बताया कि हाल में व्यापारिक जहाजों पर हुए हमलों में दो भारतीय नागरिकों की मौत हो गई है और एक अन्य भारतीय अब भी लापता है. उन्होंने कहा ये सभी लोग उन जहाजों पर काम कर रहे थे जिन्हें संघर्ष के दौरान निशाना बनाया गया. स्थिति की गंभीरता को देखते हुए विदेश मंत्रालय ने भारतीयों की सहायता के लिए विशेष कंट्रोल रूम स्थापित किया है, जो चौबीसों घंटे काम कर रहा है. खाड़ी क्षेत्र में कुछ भारतीय नागरिक घायल भी हुए हैं, जिनका इलाज स्थानीय अस्पतालों में चल रहा है. भारतीय दूतावास लगातार उनके संपर्क में है और स्थिति पर नजर रखे हुए है. सरकार विदेशों में रह रहे भारतीयों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर जरूरी कदम उठी रही है.

# भाजपा प्रदेशाध्यक्ष को पुत्री शोक

## पंचतत्व में विलीन हुई सुरभि खंडेलवाल

**बैतूल। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल एवं आरडी पब्लिक स्कूल की डायरेक्टर रितु खंडेलवाल की पुत्री सुरभि ( 34 ) का बुधवार को हृदय गति रूकने से निधन हो गया। वे कुछ समय से अस्वस्थ्य चल रही थी।**

सुरभि के निधन का समाचार मिलते ही शोक संवेदनाएं व्यक्त करने वालों का खंडेलवाल के निवास पर तांता लगना प्रारंभ हो गया था। अंतिम यात्रा उनके सिविल लाइन्स स्थित निज निवास चंद्रमौली से निकाली गई। अंतिम संस्कार कोठीबाजार स्थित मोक्षधाम में किया गया। मुखाग्रि सुरभि के भाई वरद खंडेलवाल ने दी। भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने सोशल मीडिया पर खंडेलवाल की बेटी के निधन की जानकारी दी। बेटी के निधन की खबर मिलते ही हेमंत खंडेलवाल भोपाल से बैतूल पहुंचे। उनके बैतूल पहुंचकर पर अंतिम यात्रा मोक्षधाम के लिए निकली। कोठी बाजार मोक्षधाम में अंतिम संस्कार किया गया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर शोक जताया है। उन्होंने लिखा कि सुरभि खंडेलवाल का बीमारी के कारण निधन अत्यंत पीड़ादायक है। मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।

# सुप्रीम कोर्ट में पहली बार 'इच्छामृत्यु' की मिली मंजूरी

**नई दिल्ली, 11 मार्च ( वार्ता )** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को गाजियाबाद के एक युवक को जीवन रक्षक प्रणाली हटाकर पैसिव यूथेनेशिया (निष्क्रिय इच्छामृत्यु) की अनुमति दे दी. न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने यह फैसला सुनाया, जो न्यायालय के 2018 के कॉमन कॉज निर्णय (जिसे 2023 में संशोधित किया गया था) पर आधारित है, जिसमें गरिमा के साथ मरने को मौलिक अधिकार के रूप में मान्यता दी गयी थी. फैसला सुनाते हुए जज भी भावुक नजर आए.




**बोले पीएम मोदी** कांग्रेस पार्टी वैश्विक संकट में लोगों को भड़काने की कर रही है राजनीति

# दो राज्यों को 16,450 करोड़ की सौगात

**चेन्नई/कोच्चि, 11 मार्च. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को केरल और तमिलनाडु के दौरे पर रहे, जहां उन्होंने 16,450 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात दी. केरल के एर्नाकुलम में प्रधानमंत्री मोदी ने 10,000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन किया.**



इस दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि 21वीं सदी के पहले 25 वर्षों में एलडीएफ और यूडीएफ ने युवा शक्ति के साथ विश्वासघात किया है. कांग्रेस को तो युवाओं की क्षमता पर भरोसा तक नहीं है. कांग्रेस के राजकुमार को यह भी नहीं पता कि भारत के युवा ड्रोन निर्माण के क्षेत्र में चमत्कार कर रहे हैं. उन्हें यह जानकारी नहीं है कि भारत में कई कंपनियां ड्रोन बना रही हैं. उन्हें यह भी नहीं पता कि केरलम के युवा ड्रोन स्टार्टअप्स खड़ा कर रहे हैं. वह एक छोटे से दायरे तक सीमित हैं और भारत की प्रगति को नहीं देख पा रहे हैं. उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी इतने बड़े वैश्विक संकट में राजनीति ढूंढ रही है. कांग्रेस जानबूझकर उकसाने वाले बयान दे रही है. वो गैर-जिम्मेदाराना बयान दे रही है, जिससे स्थितियां बिगड़ जाएं और हमारे लोग वहां संकट में फंस जाएं. फिर ये लोग मिलकर पीएम मोदी को गालियां देने की रील बनाने का अभियान शुरू कर सकें. ( शेष पेज 02 पर )

### गैस पाइपलाइन व रोड कनेक्टिविटी पर जोर

प्रधानमंत्री तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली में लगभग 5,650 करोड़ रुपये के कार्यों का लोकार्पण किया. यहां मुख्य रूप से गैस पाइपलाइन नेटवर्क पर जोर दिया गया है, जिससे नीलगिरी और इरोड जिलों के करीब 8.8 लाख घरों तक रसोई गैस पहुंचेगी और 200 से ज्यादा सीएनजी स्टेशन खुलेंगे.